कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बस्तर , स्थान – जगदलपुर छ0ग0

// सूचना //

चयन समिति के ध्यान में यह तथ्य लाया गया कि भृत्य पद की पूर्ति हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु किये गये पात्र अभ्यर्थियों के उनके प्राप्तांक ग्रेड–ए एवं 81 प्रतिशत तथा 81 प्रतिशत से अधिक पानें वाले अभ्यर्थियों के तैयार अनुसूचित जनजाति के सूची में लिपिकीय त्रुटिवश आवेदिका संतोषी मौर्य, पंजीयन कमांक DC/Peon/ST/472 के पॉचवीं के ॲकसूची में वास्तविक प्रतिशत 83.33 प्राप्त करने के बावजूद उसका नाम उक्त सूची में नहीं है तथा इसी प्रकार चयन समिति के ध्यान में यह भी तथ्य लाया गया है कि उक्त अनुसूचित जनजाति के तैयार सूची में त्रुटिवश आवेदक हेमराज बघेल, पंजीयन कमांक DC/Peon/ST/957 के पॉचवीं के ॲकसूची में वास्तविक प्रतिशत 55.33 होनें के बावजूद भी दर्ज हो कर प्रवेश–पत्र जारी किया जा चुका है।

उक्तानुसार समिति के द्वारा निर्णय लिया गया है कि उक्त लिपिकीय त्रुटि को सुधार कर आवेदिका संतोषी मौर्य का नाम शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु तैयार अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित कर उसे प्रवेश पत्र जारी किया जावे तथा आवेदक हेमराज बघेल का नाम शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु तैयार उक्त सूची से विलोपित कर उसे जारी प्रवेश–पत्र निरस्त किया जावे।

तद्नुसार सूचित किया जाता है कि आवेदिका संतोषी मौर्य, पंजीयन कमांक DC/Peon/ST/472 का नाम शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु तैयार अनुसूचित जनजाति के सूची में सम्मिलित समझा जावे तथा इसी प्रकार आवेदक हेमराज बघेल, पंजीयन कमांक DC/Peon/ST/957 का नाम उक्त सूची से विलोपित समझा जावे तथा उसे जारी प्रवेश–पत्र निरस्त समझा जावे।

सही

अध्यक्ष
चयन समिति
कार्या0 जिला एवं सत्र न्यायालय
बस्तर, स्थान– जगदलपुर

प्रतिलिपि :– सहायक प्रोग्रामर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगदलपुर की ओर उक्त संशोधित सूची कार्यालय के वेबसाईट में आज ही अपलोड किए जाने हेतु प्रेषित हैं।

17/10/2023

अध्यक्ष
चयन समिति
कार्या0 जिला एवं सत्र न्यायालय
बस्तर, स्थान– जगदलपुर